बि0क0च0आ0–प्र0–03 / परीक्षा–का0परि0 (विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग)–63 / 2023

बिहार कर्मचारी चयन आयोग,

पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14

आवश्यक सूचना

ज्ञापांक–1279/अ0 पटना, दिनांक–28.3.2025

विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित वि0सं0–02/2022 अन्तर्गत कार्यालय परिचारी हेतु **प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन राज्य के सभी जिला मुख्यालय स्थित परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक–11.05.2025 को संभावित है।**

बिहार कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा संचालन नियमावली, 2010 की कंडिका–6 में निहित प्रावधान के आलोक में अभ्यर्थियों की संख्या 40,000 (चालीस हजार) से अधिक होने पर प्रारंभिक परीक्षा एवं मुख्य परीक्षा आयोजित किया जाना है। उक्त विज्ञापन में अभ्यर्थियों की संख्या 3,45,734 है, इसलिए प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा आयोजित की जायेगी।

प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में प्रश्नों की कुल संख्या 100 होगी, जिसमें सामान्य अंक गणित के 30 प्रश्न, सामान्य ज्ञान के 40 प्रश्न एवं सामान्य हिन्दी के 30 प्रश्न होंगे तथा परीक्षा की अवधि 02 घंटा एवं पूर्णांक 100 होगी। प्रतियोगिता परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम अनुलग्नक–1 के रूप में संलग्न है।

परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र आयोग के वेबसाईट से ही डाउनलोड किया जा सकेगा, इसके लिए आवश्यक निदेश एवं तिथि आयोग के वेबसाईट पर ससमय प्रदर्शित की जायेगी।

अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाईट–https//bssc.bihar.gov.in का सतत् अवलोकन करते रहेंगे।

अनु0–यथोक्त।

28/03/2025

सचिव

बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।

कार्यालय परिचारी की प्रारंभिक परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम

1. सामान्य अंक गणित — 30 अंक

2. लघुत्तम समापवर्त्य (LCM), महत्तम समापवर्तक (HCF), वास्तविक संख्या, परिमेय संख्या, अपरिमेय संख्या, पूर्णांक संख्या, वर्गमूल, घनमूल, प्रतिशतता, लाभ–हानि, बट्टा, बिक्रीकर, साधारण ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज, समय एवं दूरी, समानुपात एवं प्रतिलोम समानुपात

3. सामान्य ज्ञान — 40 अंक

- संसाधन एवं उसके प्रकार, वन एवं वन्य जीव संसाधन, जल संसाधन, कृषि एवं फसलें, खनिज एवं उर्जा संसाधन, विनिर्माण उद्योग, राष्ट्रीय अर्थ–व्यवस्था, मानचित्र अध्ययन
- संघवाद, भारत की संघीय व्यवस्था, केन्द्र–राज्य संबंध, भारत की भाषा, लोकतंत्र एवं विविधता, भारत की समाजिक और धार्मिक विविधता, राजनीतिक दल
- मुद्रा और साख, वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था, व्यापार और भूमंडलीकरण, अर्थव्यवस्था और आजीविका।
- भारत का इतिहास, संस्कृति, भूगोल, स्वतंत्रता आंदोलन, पंचायती राज, राष्ट्रीय आंदोलन में बिहार का योगदान, भारत में राष्ट्रवाद, समाजवाद एवं साम्यवाद,
- प्रकाश–परावर्तन तथा अपवर्तन, मानव नेत्र तथा रंगबिरंगा संसार, विद्युत, विद्युत धारा के चुंबकीय प्रभाव, उर्जा के स्त्रोत, रसायनिक अभिक्रियाएँ एवं समीकरण, अम्ल, क्षारक एवं लवण, धातु एवं अधातु, कार्बन एवं उसके यौगिक, तत्वों का आवर्त्त, जैव प्रक्रम, जीव का प्रजनन, आनुवंशिकता एवं जैव विकास, हमारा पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन।
- समसामयिक घटनाऐं

4. सामान्य हिन्दी — 30 अंक

- संज्ञा, सर्वनाम, लिंग, विशेषण, प्रविशेषण, पर्यायवाची शब्द, कारक, मुहावरा, काल, संधि, विलोम शब्द, समास, लोकोक्ति, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, शब्द–शुद्धि, वाक्य शुद्धि, तत्सम तदभव शब्द, उपसर्ग, मुहावरा, प्रत्यय, उपसर्ग
- 10वीं कक्षा की पाठ्यपुस्तक के गद्य खंड एवं काव्य खंड के अंश, रचनाकार पर आधारित प्रश्न।

नोटः– उपरोक्त पाठ्यक्रम शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत कक्षा–10 पाठ्यक्रम के आधार पर तैयार किया गया है।